दैनिक
# न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### बाढ़ नियंत्रण कक्ष में लगी अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी

**रायगढ़ ।** वनमंडलाधिकारी रायगढ़ डॉ.प्रणय मिश्रा ने आगामी मानसून 15 जून से 30 सितम्बर 2021 तक प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था के अंतर्गत बाढ़ नियंत्रण हेतु हाथी सहायता केन्द्र को बाढ़ नियंत्रण कक्ष निर्धारित किया है। जिसमें वनपरिक्षेत्राधिकारी घरघोड़ा तरूण तिवारी एवं वन परिक्षेत्राधिकारी खरसिया गोकुल यादव को बाढ़ नियंत्रण प्रभारी प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह प्रभारी हाथी सहायता केन्द्र रायगढ़ लक्ष्मण राम पैंकरा को बाढ़ नियंत्रण कक्ष प्रभारी बनाया गया है।

### ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटने से तीन की हुई मौत

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** जिले के कुआकोंडा थाना के ग्राम माखपाल में ग्रामीणों से भरी ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटने से तीन लोगों राजू तेलामी और रामा तेलामी सहित एक बच्चे की दर्दनाक मौत हो गयी है। मरने वालों में दो युवकों सहित एक बच्चा भी शामिल है। बताया जा रहा हैं कि ये हादसा तब हुआ जब ट्रेक्टर सवार 25 लोग शादी के कार्यक्रम से अपने घर लौट रहे थे, इसी दौरान कुआकोंडा थाना के ग्राम माखपाल में दुर्घटना हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बड़े गुडरा के कुंजाम पारा में एक विवाह कार्यक्रम में शामिल होने के लिए करीब 25 लोग ट्रेक्टर में सवार होकर गये थे। शादी समारोह में शामिल होने के बाद वापस उसी ट्रेक्टर में घर लौट रहे थे। तभी माखपाल के पास उनकी ट्रेक्टर अनियंत्रित होकर पलट गयी। हादसे में राजू तेलामी और रामा तेलामी सहित एक बच्चे की मौत हो गयी।

### चेरली से स्थाई वारंटी एक नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर (आरएनएस)।** जिले में चालाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत् जिला बल एवं सीआरपीएफ के संयुक्त अभियान के दौरान कोकोड़ीपारा चेरली के पास से एक नक्सली जणु कड़ती को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार नक्सली जणु कड़ती पिता सन्नू कड़ती उम्र 28 वर्ष कोकोड़ीपारा चेरली थाना मिरतुर बालक आश्रम के पास एसटीएफ आरक्षक की हत्या करने की नीयत से चाकू से पीठ व पेट में वारकर गंभीर चोट पहुचाने की घटना मे शामिल था। गिरफ्तार नक्सली के विरुद्ध थाना मिरतुर में एक स्थाई वारंट लंबित है। जिसे न्यायालय बीजापुर में आज पेशकर जेल दाखिल कर दिया गया।

### करंट प्रवाहित तार से युवक की मौत

**कोरबा (आरएनएस)।** दूसरे के लिए गड्ढा खोदने की कीमत अक्सर लोगों को खुद चुकानी पड़ जाती है। कटघोरा में एक व्यक्ति की करंट से मौत इसी अंदाज में हुई, जिसने मछली मारने के लिए नदी के पास करंट प्रवाहित तार बिछा रखा था। संबंधित व्यक्ति इसी तार की चपेट में आ गया। पुलिस ने मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती निवासी किशनलाल केंवट पिता फिरत राम केंवट 22 बुधवार देर रात खाना खाकर घर से बाहर टहलने निकला था। इसी दौरान उसकी मुलाकात अपने चार अन्य दोस्तो से हुई और फिर सभी अहिरन नदी के गौंटिया घाट पहुंचे। सभी मछली मारने के मकसद से अपने साथ इलेक्ट्रॉनिक तार लेकर पहुंचे थे। इसी दौरान जब किशनलाल करंट तरंगित तार लेकर नदी में उतरा एकाएक उसे तेज झटका लगा। करंट के चपेट में आते ही किशनलाल का शरीर झुलस गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

# युवक की हत्या के मामले में भूपदेवपुर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा

» **मृतक झाडफूंक करने आता था आरोपियों के घर, उन्ही के घर की युवती से प्रेम संबंध को लेकर परिजन थे नाराज**

**रायगढ़।** भूपदेवपुर पुलिस ग्राम पतरापाली, थाना कोतरारोड़ निवासी 35 वर्षीय छोटेलाल सारथी की हत्या के मामले में ग्राम कांशीचुंआ, भूपदेवपुर के दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है, हत्या में शामिल दो और आरोपी फरार है, जिनकी पतासाजी की जा रही है।

जानकारी के अनुसार थाना भूपदेवपुर अन्तर्गत ग्राम कांशीचुंआ में रहने वाले कन्हैया राठिया की परिचित युवती (19 वर्ष) दिनांक 27.05.21 को घर से बीना बताए कहीं चली गई थी, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट उसकी मां दिनांक 02.06.21 को थाना भूपदेवपुर में दर्ज कराई। भूपदेवपुर पुलिस और गुमशुदा युवती के परिजन उसे तलाश कर रहे थे। इसी बीच दिनांक 07.06.21 को युवती के परिजन कन्हैया राठिया को ग्राम पतरापाली, कोतरारोड़ में रहने वाले छोटेलाल सारथी के साथ जिला कोरबा के ग्राम सलिहाभाठा दमाउदरहा में रहने की जानकारी मिली। तब लड़की के परिजन उसे स्कार्पियो में लेने कोरबा गये, जहां से दोनों को वापस ग्राम जबलपुर(भूपदेवपुर) लेकर आये। जहां कन्हैया राठिया, उसका भतीजा टीकम राठिया, भांचा चैतन और लक्ष्मीप्रसाद राठिया दो अलग-अलग मोटर सायकल में छोटेलाल सारथी को बैठा कर झिटीपाली जंगल ले गए। लड़की को और अन्य परिजनों को स्कार्पियो वाहन में कांशीचुआ भेज दिये। झिटीपाली जंगल में छोटेलाल सारथी को चारों (कन्हैया राठिया, टीकम राठिया, चैतन राठिया और लक्ष्मीप्रसाद राठिया) लात, घुसा एवं डण्डा से मारपीट कर छोटेलाल सारथी की हत्या कर लाश को रोड किनारे जंगल, झाडियों के बीच छुपा दिये थे।



मृतक के परिचित शशी कुमार यादव पिता चमार सिंह निवासी मुरालीपाली थाना भूपदेवपुर को आरोपियों के कृत्य की जानकारी लगी तो दिनांक 09/06/2021 को थाना भूपदेवपुर प्रभारी को जाकर घटना बताया। थाना प्रभारी भूपदेवपुर निरीक्षक उत्तम साहू द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को घटना की जानकारी देकर तत्काल घटनास्थल रवाना हुये। शव को दस्तयाब कर पोस्ट मार्टम कराये तथा प्रार्थी, गवाहों एवं संदेही कन्हैया राठिया, टीकम राठिया को हिरासत में लेकर पूछताछ किये। दोनों हत्या के अपराध को स्वीकारते हुये चैतन राठिया और लक्ष्मीप्रसाद राठिया के साथ घटना को अंजाम देना बताये है।

आरोपी कन्हैया राठिया बताया कि छोटेलाल सारथी पिता चैतराम सारथी उम्र 35 वर्ष साकिन पतरापाली तालाब पारा थाना कोतरारोड जिला रायगढ पिछले 10 सालों से इनके घर झाड़-फूंक करने आता था। छोटेलाल शादीशुदा व एक बच्ची का पिता था तथा घर परिवार में सबका ?विश्वासपात्र था, उसके द्वारा घर परिवार की लड़की को भगा ले जाने से सभी उससे नाराज थे, कोरबा से लाते समय गुस्से में आकर घटना को अंजाम दिये।

घटना के संबंध में भूपदेवपुर पुलिस मर्ग जांच पर आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 106/21 धारा 302, 201, 34 भादवि0 पंजीबद्ध कर आरोपी कन्हैया लाल राठिया एवं टीकम राठिया के निशांदेही पर मृतक के लाश को बरामद कर घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल एवं आलाजरब को जप्त किया गया है। आरोपीगण कन्हैया राठिया पिता सहदेव राठिया उम्र 31 वर्ष एवं टीकम राठिया पिता स्व. श्यामलाल राठिया उम्र 25 साल साकिनान ग्राम कांशीचुंआ तेंदुडीपा थाना भूपदेवपुर को दिनांक 09.06.2021 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। प्रकरण के अन्य आरोपी चैतन राठिया निवासी अंजोरीपाली एवं लक्ष्मीप्रसाद राठिया निवासी केनाभांठा खरसिया घटना समय से फरार है, जिनकी पतासाजी के लिये मुखबीर व स्टाफ लगाया गया है। आरोपियों की पतासाजी, विवेचना में थाना भूपदेवपुर प्रभारी निरीक्षक उत्तम साहू व थाना स्टाफ सउनि देवप्रसाद चौहान, प्र0आर0 जागेश्वर प्रसाद, आरक्षक मुरली मनोहर पटेल, त्रिभुवन सिदार, जक्शन बघेल, सुमीत उरांव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## पूर्व विवाद को लेकर दो लोगों ने युवक को मारा चाकू,गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

**रायपुर (आरएनएस)।** पूर्व विवाद को लेकर दो युवकों ने हत्या करने की नियत से युवक को चाकू मारकर गंभीर रुप से घायल कर दिया। युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार सुभाष चौक उरला निवासी दीपक कुमार बंदे 24 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 09 जून को 9.30 बजे रविशंकर साहू 18 वर्ष बाजार चौक उरला के साथ उसकी बाईक में बैठकर अछोली तालाब की ओर गया था। तभी सतीष उर्फ बिस्सर निषाद एवं उसका साथी पिन्टू निषाद ने रविशंकर को तु मेरे से 4 दिन पहले मारपीट किया है कहकर गाली-गलौच कर मारपीट किया व सतीश बिस्सर ने अपने पास रखा चाकू निकालकर हत्या करने की नियत से सिर व कान पर 3,4 बार वार कर घायल कर भाग गया। चाकू लगने से युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए मेकाहारा अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 307,34 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

## हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने और स्किल बिल्डिंग के दोहरे मोर्चे पर करना है काम-कलेक्टर

» **पिडियाट्रिक टॉस्क फोर्स का हो रहा है गठन**

» **कलेक्टर भीम सिंह ने ली स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक**

**रायगढ़।** कोरोना के मामले अभी कम हुये है, अस्पतालों में मरीजों की संख्या घटी है। अतः इस समय का उपयोग करते हुये अब हमें अगली लहर के लिये अपने आपको और बेहतर तैयार करना होगा। हमें हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने तथा अधिक से अधिक हेल्थ मैन पावर को क्रायसिस हैण्डलिंग के लिये प्रशिक्षित करने के दोहरे मोर्चे पर काम करना है। इसके लिये स्वास्थ्य विभाग सभी आवश्यक तैयारियां तत्काल शुरू करें। उक्त बातें कलेक्टर भीम सिंह ने कोरोना



प्रबंधन पर जिला स्वास्थ्य विभाग की बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कि अगली लहर से पहले हमें अपने हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर में सुविधाओं को बढ़ाते हुये अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लांट लगाना व पाईप लाईन विस्तार का काम जल्द पूरा करना है। इसके लिये एजेंसियों को काम दे दिया गया है। इसके साथ ही उन्होंने कोविड का इलाज कर रहे विशेषज्ञ चिकित्सकों तथा तकनीकी व नर्सिंग स्टॉफ के द्वारा स्वास्थ्य विभाग के दूसरे नर्सेस, वार्ड ब्वाय तथा अन्य स्टॉफ को ऑक्सीजन हैण्डलिंग व मशीन ऑपरेटिंग, आईसीयू से जुड़े काम तथा कोविड ट्रीटमेंट से जुड़े अन्य प्रोटोकाल की व्यापक प्रशिक्षण दें, जिससे हमारे पास उपलब्ध सभी मैन पॉवर आपातकालीन स्थिति में कोविड उपचार से जुड़े सारे काम कर सके। इसके लिये उन्होंने ट्रेनिंग माड्यूल बनाकर प्रशिक्षण कार्यक्रम एक हफ्ते के भीतर शुरू करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इससे हमारा मैन पावर रिक्वायरमेन्ट का लोड कम होगा तथा हमारे पास उपलब्ध सभी तरह के स्टॉफ की स्किल बिल्डिंग भी होगी। जिससे हम जिला मुख्यालय के साथ विकाखण्ड स्तरीय अस्पतालों में भी गंभीर कोविड मरीजों की और बेहतर देखभाल कर पायेंगे।

कलेक्टर सिंह ने बताया कि मेडिकल कालेज में 12 हजार लीटर का एक लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट लगने जा रहा है। इसके साथ ही यहां इतनी ही क्षमता का एक और प्लांट भी लगाया जायेगा। उन्होंने एमसीएच अस्पताल में भी आक्सीजन प्लांट स्थापित किये जाने हेतु सर्वे करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही मेडिकल कालेज के ग्राउण्ड फ्लोर पर 100 बेड ऑक्सीजन के लिये बिछाये गये पाईप लाईन के टेस्टिंग करने के निर्देश दिये। उन्होंने लैलूंगा, धरमजयगढ़, सारंगढ़ एवं चपले में ऑक्सीजन प्लांट तथा सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ऑक्सीजन पाईप लाईन का विस्तार का काम जल्द शुरू करवाने के लिये कहा।

कलेक्टर भीम सिंह ने विकासखण्डवार सैम्पलिंग व टेस्टिंग की समीक्षा की। उन्होंने सभी बीएमओ से आरटीपीसीआर सेम्पल कलेक्शन के टार्गेट को अनिवार्य रूप से पूरा करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने विकासखण्डों में रिप्रेजेनटेटिव सेम्पल लेने के लिये कहा। टेस्टिंग रिपोर्ट समय पर उपलब्ध करवाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने सभी अस्पतालों को अनिवार्य रूप से पात्र हितग्राहियों को स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिये। इस संबंध में अभी तक अस्पतालों द्वारा कितने मरीजों को इन योजनाओं से लाभान्वित किया गया है इसकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश सीएमएचओ को दिये। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में जहां अभी भी एक्टिव केसेस है वहां कंटेनमेंट नियमों तथा कोविड गाईड लाईन्स का सख्ती से पालन करवाने के लिये कहा।

## बिहान योजना से मिली गायत्री साहू को एक नई पहचान

**रायगढ़।** आज समाज में ऐसी बहुत सी महिलायें है जो अपनी कार्यकुशलता एवं क्षमता के आधार पर अपना और अपने परिवार का नाम रोशन करने के साथ-साथ समाज के लिए भी एक प्रेरणा स्त्रोत हैं। ऐसी ही एक महिला है जिनका नाम है गायत्री साहू जिन्होंने मेहनत के दम पर अपने सपनों को साकार किया है। कभी भी उन्होंने अपनी दिव्यांगता को अपनी सफलता की राह में बाधा बनने नहीं दिया। कलगाटार गांव जनपद पंचायत बरमकेला की रहने वाली गायत्री साहू पढ़ी लिखी है। हर इंसान की तरह इनका भी एक सपना था कि इन्हे इनके पति या परिवार के नाम से जानने से पहले इनके नाम से जाना जाये। समाज में इनकी एक पहचान हो और परिवार में इन्हे और इनके फैसले को सम्मान मिले। इस सपने को पूरा कर पाने में इनकी सहायता की सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान योजना) जिसकी मदद से गायत्री साहू ने ग्रामीण महिलाओं के स्व-सहायता समूह से जुड़ी और यहां से उनकी सफलता के रास्ते खुल गए। बिहान योजना के अंतर्गत मिला प्रशिक्षण आरसेटी के अंतर्गत उन्हें एवं उनके जैसी महिलाओं को बैंक सखी का प्रशिक्षण मिला और वे उस योजना के बारे में जान पायी। गायत्री आज हर महीने 8000 से



10000 रुपये आय अर्जित कर लेती है। इसमें इन्हे लेन-देन सही तरीके से करना, बचत करना, उधार वापस करना, बैंक में खाता खुलवाना और हर हफ्ते बैठक करना ये सब बाते सिखाई गयी। इस योजना से जुड़ने के बाद गायत्री साहू ने अन्य बेरोजगार महिलाओं को जागरूक एवं प्रशिक्षित किया। गायत्री साहू का कहना है इन प्रशिक्षणों से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है कभी भी अपने दिव्यांगता से कमजोर नहीं हुई और उन्हें समाज में एक पहचान मिली और उनके नाम से लोग उन्हें जानने लगे। आज उनके माता-पिता और उनके पूरे परिवार को उन पर गर्व है। बिहान योजना के माध्यम से ऐसी महिलायें जो अपने सपने पूरे करना चाहते है उन्हें रोजगार एवं समाज में एक पहचान मिल पायी। समाज में जो महिला सशक्तीकरण की अवधारणा है। वह इन प्रयासों से सार्थक होती दिखाई दे रही है।

## दुष्कर्म के आरोपी को रतनपुर से पकड़ लाई लैलूंगा पुलिस

**लैलूंगा।** थाना लैलूंगा अन्तर्गत निवासरत युवती की मां उसकी बेटी के साथ ग्राम लिसी थाना कापू निवासी मलरसाय पिता बिहाऊ शिकारी उम्र 22 वर्ष द्वारा शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाने तथा शादी से इंकार कर लड़की को मारपीट कर डराने धमकाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोपी युवक को लैलूंगा पुलिस रतनपुर क्षेत्र से हिरासत में लेकर थाना लाई जिसे गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। जानकारी के अनुसार पीडित युवती के मां के रिपोर्ट पर दिनांक 08/06/2021 को आरोपी युवक के विरूद्ध अप.क्र. 162/2021 धारा 376,323,506 भादवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



पीडिता की मां बताई कि दिनांक 06/06/2021 को उसे लड़की बताई कि दो महीने पहले मलरसाय उसे शादी करने का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाया था। उसके बाद लड़की मलरसाय के साथ रहने उसके घर चली गई और दूसरे ही दिन रात्रि के समय मलरसाय युवती को उसके गांव आकर छोड़ गया। युवती उसके मां को बताईकि मलरसाय उसे रखना नहीं चाहता है, उसके साथ मारपीट किया और रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी दिया है। युवती की मां थाने रिपोर्ट करने पहुंची तो मलरसाय के घरवाले उसे रिपोर्ट मत करो समाज में समाधान कर लेंगे बोले पर उनसे दूबरा सम्पर्क नहीं किये। आरोपी घटना के बाद से फरार था जिसके रतनपुर में छिपे होने की जानकारी पर थाने से उप निरीक्षक गंगा प्रसाद बंजारे,आरक्षक प्रहलाद भगत रतनपुर जाकर आरोपी को हिरासत में लेकर थाना लाये है जिसे गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी की पतासाजी गिरफ्तारी में थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक एलपी पटेल तथा उप निरीक्षक जीपी बंजारे, उपनिरीक्षक बीएस पैंकरा एवं आरक्षक प्रहलाद भगत की सराहनीय भूमिका थी।

# चोरी, नकाबजनी के 7 मामलों का कोतवाली पुलिस ने की खुलासा

» **एक विधि उल्लंघनकारी बालक व चार आरोपी कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में**

» **लॉकडाउन के बीच आरोपीगण सूने दूकानों, निर्माणाधीन मकानों को बनाये निशाना**

» **आरोपियों से करीब एक लाख रूपये की सम्पत्ति बरामद, भेजे गये रिमांड पर**

रायगढ़। एसपी संतोष सिंह के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी व सीएसपी से मार्गदर्शन प्राप्त कर कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में आज कोतवाली पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में लॉकडाउन दौरान हुई छोटी-बड़ी



चोरियों को अंजाम देने वाले चार आरोपी व एक विधि उल्लंघनकारी बालक को हिरासत में लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद कोतवाली थाना क्षेत्र में चोरी, नकबजनी के कुल 7 मामलों का खुलासा हुआ है जिसमें कोतवाली पुलिस को करीब 83 हजार के चोरी के माल बरामद करने में सफलता हासिल हुई है, बता दें कि तीन मामलों के रिपोर्टकर्ता आज थाना रिपोर्ट करने पहुंचे, जिनके साथ आरोपियों को साथ ले जाकर 2 घंटे के भीतर ही चोरी का माल बरामद किया गया है।

मुखबीर सूचना पर कोतवाली पुलिस के गिरफ्त में आये आरोपी 1- निरंजन दीप पिता महेश दीप 19 वर्ष निवासी बापूनगर थाना कोतवाली 2- राजा सांडे पिता आरजू सांडे उम्र 25 वर्ष निवासी बापुनगर 3- गोल्डी शर्मा उर्फ अजय शर्मा पिता रविन्द्र शर्मा उम्र 19 नगर जगतपुर थाना कोतवाली रायगढ़ 4-संजय पांडे पिता नागेंद्र नाथ पांडे उम्र 45 वर्ष निवासी रामपुर बजरंगपारा थाना कोतवाली एवं विधि उल्लंघनकारी बालक (17 वर्ष) से पूछताछ में 07 अलग-अलग मामलों का खुलासा हुआ है। आरोपीगण दूसरे से मेल मिलाप रखते हैं, इनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है, लॉकडाउन के दरम्यान उनके द्वारा घटना कारित किया गया, जिन्हें चोरी की माल बेचने के लिए ग्राहक तलाशने के इरादे से कोतवाली थाना प्रभारी मनीष नागर व कोतवाली में पदस्थ विवेचकगण लगाये मुखबिर के जरिये थानाक्षेत्र के विभिन्न स्थानों से पकड़ा गया है। आरोपियों से नकदी रकम, बोर का केबल वायर, एसी के कापर वायर, लोहा ,ऐंगल पटटी, स्कवायर बाल पटटी, जेसीबी की बैटरी, मोबाईल आदि करीब 83,000 रूपये के जप्त किया गया है।

मामलों का खुलासा करने में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर, उनि मानकुंवर सिदार, उनि बीएस डहरिया, सहायक उपनिरीक्षक दिलीप बेहरा, प्रधान आरक्षक नंदू सारथी, श्याम देव साहू शंकर सिंह क्षत्रिय, समुंद रनकर, आरक्षक हेम प्रकाश सोन, ?विनोद शर्मा, लखेश्वर पुरसेठ, राजू राम भगत, नारायण राठिया, मनोज पटनायक, उत्तम सारथी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

यहां घटना कारित किये थे आरोपीगण-

1- दिनाक 22/05/2021 को दरम्यानी रात बाबलीकुआ शीतला मंदिर धागरडीपा बजरंग अग्रवाल गल्ला किराना एवं फैंसी स्टोर से क्रीम , ड्रायफुड , महंगे सामान कीमती करीब 20,000 रुपये व गल्ला में रखे नगदी रकम 5.000 रुपये। चोरी में शामिल राजा सांडे व बाल अपचारी।

2- दिनांक 05/06.05.2021 के दरम्यानी रात रामभाठा दुर्गा मंदिर चौक के गल्ला दुकान से नकदी 30,000 रूपये चारी, चोरी में शामिल निरंजन दीप।

3- नगर निगम रायगढ़ क्षेत्र के कई वार्डों के सार्वजनिक पंपों के केबल वायर कीमती करीब 40,000 रूपये , चोरी में शामिल निरंजन दीप, राजा सांडे और गोल्डी शर्मा उर्फ अजय शर्मा।

4- जना स्माल फाइनेंस बैक से 100 फीट कापर वायर चोरी में शामिल गोल्डी शर्मा उर्फ अजय शर्मा।

5- गौशाला रोड गर्ग फेब्रिकेशन से लोहा ,ऐंगल पटटी, स्कवायर बाल पटटी आदि चोरी में शामिल संजय पांडे।

6- जगतपुर सीताराम गली में रहने वाले धनीराम सोनी के घर से लेडिस पर्स मे रखा सैमसंग टच स्क्रीन मोबाईल चांदी के पायल 10 तोला (1 जोडी ) व एक धागे मे सोने का 05 नग फदक कुल किमती 30,000 रू। चोरी में शामिल निरंजन दीप, राजा सांडे और गोल्डी शर्मा उर्फ अजय शर्मा।

7- पशु चिकित्सायल परिसर भवन निमार्ण स्थान से गोदाम01 जेसीबी का बैटरी 01 नग 02 हिल्टी मशीन कांक्रीट ब्रेकर मशीन पुरानी 03 प्लाई कटर मशीन 04 ड्रील मशीन की चोरी। चोरी में शामिल निरंजन दीप, राजा सांडे। उपरोक्त के संबंध में थाना कोतवाली में अप.क्र. 627, 698, 707, 727, 755, 756 एवं 757/2021 दर्ज है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480